हिन्दी व्याकरण (कक्षा पाँच)
प्रश्न - उत्तर (पाठ - 1 भाषा और व्याकरण)

प्र०1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

क. भाषा किसे कहते हैं? इसके कितने भेद हैं?
उ० बोलकर या लिखकर अपने भावों या विचारों के आदान - प्रदान का साधन ही भाषा कहलाता है।

ख. लिपि किसे कहते हैं?
उ० भाषा के लिखने की विधि को लिपि कहते हैं।

ग. भाषा व बोली में अंतर स्पष्ट कीजिए।
उ० भाषा वह साधन है जिसके दवारा हम अपने विचार लिखकर या बोलकर प्रकट करते हैं। इसका क्षेत्र विस्तृत होता है। जबकि बोली एक सीमित क्षेत्र में बोली जाती है। वह भाषा का ही एक रूप है।

घ. निम्नलिखित भाषाओं की लिपियाँ बताओ -
हिन्दी - देवनागरी
उर्दू - फ़ारसी
अंग्रेजी - रोमन

ङ. व्याकरण किसे कहते हैं? इसके कितने अंग हैं?
उ० व्याकरण वह साधन है, जिसके दवारा हम किसी भाषा के शुदध रूप का पूर्ण ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं।
इसके तीन अंग होते हैं -
वर्ण विचार, शब्द विचार, वाक्य विचार।